दिनांकः 20.05.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कीं
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत राज्य में 5 हजार से अधिक नए आवास मकान बनाये जाएंगें
- सहकारी मॉडल पर आधारित देश की पहली भारत टैक्सी सेवा अगले महीने से जयपुर में शुरू होगीं
- राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में–अगले तीन दिन लू से राहत के आसार नहीं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने  जनगणना 2027 के तहत जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दियां अदालत ने कहा है कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता हैं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों के कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी हैं पीठ ने कहा कि इस तरह के आंकड़े एकत्र करने में कोई बुराई नहीं है और मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दियां

000

देश के अलग–अलग हिस्सों में रेलगाड़ियों में लगी आग की हालिया घटनाओं की जांच में कई मामलों में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता का पता चला हैं सूत्रों ने बताया कि रेलवे ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है और रेलवे सुरक्षा बल मामले की गहन जांच कर रहा हैं इनमें राजस्थान की भी दो घटनाएं शामिल हैं पाली के अमरपुरा स्टेशन के पास एक घटना में, एक अज्ञात व्यक्ति ने एक कोच के अंदर कपड़े में आग लगाने की कोशिश की, जिससे आग लग गईं इसी तरह, कोटा में राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग की शुरुआत भी बाथरूम क्षेत्र से शुरू हुई बताई जा रही हैं भारतीय रेलवे ने आग लगने की हालिया घटनाओं के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई हैं रेलवे ने कहा है कि अमरपुरा जैसी घटनाओं में रेलवे कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटनाओं को टालने में मदद मिलीं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्राम विकास चौपाल की कड़ी में आज बांसवाड़ा के चुड़ादा गांव में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगें वहीं कल सुबह गांव का पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत करेंगें गौरतलब है कि ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक भी ले रहे हैं मुख्यमंत्री का कल डूंगरपुर पहुंचने का कार्यक्रम हैं वे चौरासी क्षेत्र के धंबोला गांव में ग्राम विकास चौपाल करेंगें

000

पेट्रोलियम कंपनियों ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की चिन्ता की जरूरत नही हैं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज प्रमुख तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ पेट्रोलियम उत्पादो और एलपीजी की उपलब्धता पर समीक्षा बैठक कीं कंपनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक मनोज गुप्ता ने
कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां, इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए

हुए हैं सभी आउटलेट पर ईंधन वितरण सुचारू रूप से चल रहा हैं श्री गुप्ता ने नागरिकों से घबराहट में ईधन का अनावश्यक भण्डारण नही करने का अनुरोध कियां साथ ही ईंधन उपलब्धता से संबंधित प्रमाणिक और सत्यापित जानकारी के लिए केवल तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने को कहा हैं

बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, जियो–बीपी और नायरा सहित सभी प्रमुख तेल कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहें इस बीच राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेसवार्ता में कहा कि अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां हालात बेहतर और नियंत्रण में हैं श्री राठौड़ ने आमजन से अपील की कि वे पेट्रोल और डीजल का आवश्यकता के अनुसार सोच–समझकर उपयोग करें

..................

000

प्रदेश की आंगनबाड़ियों में अब बच्चों को उपमा की जगह पौष्टिक न्यूट्री पुलाव परोसा जाएगां उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने आज शासन सचिवालय में इस नए न्यूट्री पुलाव के सैंपल का स्वाद चखां उन्होंने कहा कि यह पुलाव बच्चों के स्वाद के ज्यादा अनुकूल हैं उप मुख्यमंत्री ने विभाग को इसे जल्द आंगनबाड़ियों में उपलब्ध करवाने को कहा हैं इसके साथ ही उन्होंने नाश्ते में दिए जा रहे मुरमुरे के स्थान पर भी समान दरों में कोई अन्य बेहतर और पौष्टिक विकल्प तैयार करने के निर्देश दिए हैं

000

राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना –शहरी 2.0 के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में करीब 5 हजार नए आवास बनाये जाएंगें इसके लिए हर एक लाभार्थी को स्वयं का पक्का आवास बनाने के लिये ढाई लाख रूपये की अनुदान राशि दी जायेगी ं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी– 2.0 के लिए गठित राज्य स्तरीय सैंक्शनिंग और मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक लीं बैठक में बताया गया कि योजना के तहत केन्द्र सरकार की ओर से डेढ़ लाख रूपये और राज्य सरकार की ओर से 1 लाख रूपये की अनुदान राशि दी जायेगीं इसके तहत कुल 125 करोड़ 60 लाख की सब्सिडी प्रदान की जायेगी ं इन आवासों के लिये अंतिम मंजूरी केन्द्र सरकार की 26 मई को होने वाली सीएसएमसी बैठक में मिलेगीं

000

प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारियों के तहत विभिन्न शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं जोधपुर नगर निगम द्वारा मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग की जा रही हैं इसके तहत राजस्थानी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कलाकृतियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है, जिससे पुराने कचरा पॉइंट अब आकर्षक सेल्फी पॉइंट में बदल गए हैं पाली नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए सिटीजन फीडबैक अभियान चलाया जा रहा हैं निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने नागरिकों से क्यू–आर कोड स्कैन कर फीडबैक देने और शहर को बेहतर रैंक दिलाने में सहयोग की अपील की हैं

000

सहकारी मॉडल पर आधारित देश की पहली भारत टैक्सी सेवा अगले महीने से जयपुर में भी उपलब्ध होगीं सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने आज जयपुर में आयोजित सारथी संवाद कार्यक्रम में यह जानकारी दीं उन्होंने बताया कि दिल्ली, मुंबई और लखनऊ के बाद अब जयपुर में भी यह अनूठी सेवा शुरू होने जा रही हैं ये आमजन को किफायती और सुरक्षित सफर का विकल्प देगीं श्री दक ने कहा कि इस सहकारी सेवा में कोई बाहरी कंपनी मालिक नहीं होगी, बल्कि टैक्सी चलाने वाले चालक यानी सारथी ही इसके वास्तविक मालिक होंगें इससे चालकों को निजी कंपनियों की मनमानी और हिडन चार्जेज से मुक्ति मिलेगीं इस अवसर पर मौजूद टैक्सी चालकों ने भी इस स्वदेशी सहकारी पहल की सराहना कीं

000

पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय ने कोटा मंडल के तीन रेलवे स्टेशनों को जंक्शन स्टेशन घोषित किया हैं रेल प्रशासन की इस घोषणा के बाद अब गंगापुर सिटी, रामगंजमंडी और गुड़ला स्टेशनों को जंक्शन के नाम से जाना जाएगां नई रेल लाइनों और कॉर्ड तथा बायपास लाइन के शुरू होने के बाद इन स्टेशनों का

दर्जा बढ़ाया गया हैं रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इन स्टेशनों के वर्तमान अल्फाबेटिकल और न्यूमेरिकल कोड पहले की तरह ही यथावत रहेंगे, केवल उनके नाम के आगे जंक्शन शब्द जोड़ा गया हैं

000

राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं दोपहर के समय सड़के सूनी नज़र आ रही है वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ हैं प्रशासन की ओर से गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न स्थानों पर छाया के प्रबन्ध किये गये है और सड़कों पर पानी का छिडकाव किया जा रहा हैं लोगों के साथ–साथ पशु और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए जगह–जगह पीने के पानी की व्यवस्था की गई हैं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कई जिलों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया हैं बीते 24 घंटों में 46 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म दिन रहां वहीं बीकानेर में सबसे गर्म रात दर्ज की गईं जहां पारा 31 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गयां अलवर, कोटा, चित्तौडगढ़, फलौदी, बीकानेर और चूरू में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गयां वहीं राजधानी जयपुर में तापमान 42 दशमलव 5 डिग्री रिकॉर्ड हुआं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

.......................

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगीं इसके लिए श्रोता द्वारा अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगें

000